TWT
Truth will Triumph

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1
(पंजीयन-633/2003)

के० एम० शर्मा

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
(बी. एन. प्रसाद)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या 17 दिनांक 26-7-05

सेवा में,

आयुक्त एंव सचिव,
गृह विभाग, बिहार, पटना ।

सचिव,
कार्मिक एंव प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना

आरक्षी महानिदेशक,
बिहार, पटना ।

वरीय आरक्षी अधीक्षक, पटना ।

विषयः- श्री अशोक कुमार मल्लिक, वि०प्र०से०, निदेशक, निगरानी, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद को श्री गब्बू सिंह, ठीकेदार (शिवपुरी नाला के पास) द्वारा कार्यालय कक्ष में घुस कर गाली-गलौज करने एंव जान से मारने की धमकी देने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक श्री ए०के० मल्लिक द्वारा दर्ज प्राथमिकी की प्रति संलग्न करते हुये मुझे कहना है कि इस तरह दिन-दहाड़े सरकारी कार्यालय में घुस कर किसी ए०डी०एम० रैंक के पदाधिकारी को गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने की घटना राजधानी की विधि व्यवस्था के लिये प्रश्न चिन्ह बन कर खड़ा हो गया है। अगर सरकारी पदाधिकारियों की सुरक्षा के साथ इसी तरह खिलवाड़ होता रहेगा तो उनके लिये कर्तव्य निर्वहन करना संभव नहीं होगा।

ऐसी स्थिति में संघ यह मांग करती है कि श्री मल्लिक की सुरक्षा हेतु शीघ्र एक सुरक्षा गार्ड प्रतिनियुक्त किया जाय एंव दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाय ।

विश्वासभाजन,
(हस्ताक्षर) 26/7/05
(विपिन कुमार सिंहा)

Truth will Triumph

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

के० एम० शर्मा

अध्यक्ष
~~वैद्यनाथ प्रसाद~~
(~~बी. एन. प्रसाद~~)
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या दिनांक

ज्ञापांक 17 /पटना, दिनांक 26-7- /2005.

प्रतिलिपि, महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव को सूचनार्थ प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि दोषी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई करने हेतु शीघ्र निदेश देने की कृपा की जाय एवं श्री मल्लिक को सुरक्षा गार्ड शीघ्र उपलब्ध करायी जाय ।

ह०/-
\[विपिन कुमार सिंहा \]
महा सचिव,

ज्ञापांक 17 /पटना, दिनांक 26-7- /2005.

प्रतिलिपि प्रबन्ध निदेशक, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की कृपा करें जिससे कि उनके कार्यालय का कार्य सुचारू रूप से चल सके ।

(हस्ताक्षर) 28/7/05
\[विपिन कुमार सिंहा \]
महा सचिव ।

ज्ञापांक 17 /पटना, दिनांक 26-7- /2005.

प्रतिलिपि श्री ए०के० मल्लिक, निदेशक, निगरानी, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

(हस्ताक्षर) 28/7/05
\[विपिन कुमार सिंहा \]
महा सचिव ,

सेवा में,

थाना प्रभारी,
श्री कृष्णापुरी थाना,
पटना।

विषयः– गब्बू सिंह ठीकेदार (शिवपूरी नाला के पास) द्वारा चेम्बर में घुसकर गाली–गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में।

महाशय,

सेवा में सूचित करना है कि मैं अशोक कुमार मल्लिक, वि0प्र0से0, अपर समाहर्त्ता सम्प्रति निदेशक निगरानी विपणन पर्षद् जो पंत भवन, के पहले तल्ले में पदस्थापित हूँ । आज दिनांक– 25.07.2005 को लगभग 1.00 बजे दिन में दो व्यक्ति बिना किसी अनुमति के मेरे चेम्बर में आ गया, जब मैंने उनसे आने का कार्य तथा परिचय जानना चाहा तो चिल्लाकर बोलने लगे कि पूरा पटना जानता है और तुम नहीं जानते हो, मेरा नाम गब्बू सिंह है । उस समय बाहर खड़े दो तीन व्यक्ति भी कमरे में आ गये एवं शोरगुल करने लगे । जब मैंने उनसे कार्यालय से जाने को कहा तो वो तैश में आ गये और गाली–गलौज करते हुए बाहर गाड़ी पर रखे राईफल को लाकर जान से मारने की धमकी देने लगे । तभी इस कार्यालय के अन्य कर्मचारी मेरे ऑफिस में जमा हो गये थे । वो ये कहते हुए चले गये कि अभी तो छोड़ रहे हैं, दूसरे दिन आयेंगे तो जान से मार देंगे । ऐसा लगता है कि उपरोक्त सभी अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं और कभी भी किसी भी समय मुझे नुकसान पहुँचा सकते हैं ।

अतः इस संबंध में कानूनी कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन

25.7.05

(ए0के0 मल्लिक)
निदेशक निगरानी